अनुस्मारक - 1

सं. 16/3/2022 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी – II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 9 मार्च, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के सेवा डाटा को अद्यतन करने के संबंध में।

राजभाषा विभाग के दिनांक 10 फरवरी, 2022 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों का सेवा से संबंधित डाटा को आनलाइन करने हेतु सभी मंत्रालयों/ विभागों/ कार्यालयों से अनुरोध किया गया था कि उनके मंत्रालय/विभाग/कार्यालय में तैनात केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों से संबंधित जानकारी संलग्न प्रोफार्मा में भरकर कार्यालय ज्ञापन के जारी करने की तिथि से एक सप्ताह के भीतर राजभाषा विभाग को भेज दें।

2. उपरोक्त के संबंध में अवगत करवाया जाना है कि कुछ मंत्रालयों/ विभागों/ कार्यालयों के द्वारा संबंधित जानकारी राजभाषा विभाग को भेजी गई है। अत: जिन मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा सेवा संवर्ग के कार्मिकों की जानकारी संलग्न प्रोफार्मा भरकर राजभाषा विभाग को नहीं भेजी गई है उनसे पुन: अनुरोध किया जाता है कि राजभाषा विभाग को निदेशक (सेवा) के Email – bl.meena81@nic.in एवं अवर सचिव (सेवा) के Email – hem.lata62@nic.in पर दिनांक 18 मार्च, 2022 तक अवश्य ही भेज दें।

संलग्न: उपरोक्तानुसार।

हेमलता 9/3/2022

(हेमलता)
अवर सचिव (सेवा)

सेवा में,

1. केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के भागीदार सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय।
2. केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारी/ कर्मचारी।
3. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
4. गार्ड फाइल।

केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शासकीय सेवा के संबंध में ब्यौरा / विवरण

1.	नाम	
2.	पिता का नाम	
3.	जन्म तिथि	
4.	शैक्षणिक योग्यता	
5.	शासकीय सेवा में नियुक्ति की तारीख	
6.	वर्तमान में धारित पद तथा ग्रहण करने की तारीख	
7.	दूरभाष, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आई.डी.	

सरकारी सेवा में नियुक्ति का क्रमवार ब्यौराः

मंत्रालय/विभाग का नाम	धारित पद	कब से	कब तक

कर्मचारी के हस्ताक्षरः **दिनांकः**

<u>जहां कर्मचारी तैनात है उस कार्यालय द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती / कु.-- द्वारा दिए गए विवरण का उपलब्ध सेवापंजी / वयैक्तिक फाईल से मिलान कर लिया गया है और सूचना सही पाई गई है।

हस्ताक्षर

नाम व पदनाम

दूरभाष नं.